हरियाणा ncr

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दशहरा ग्राउंड बल्लबगढ़ में किया गया

By Jantantratoday August 17, 2024 3

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरुग्राम के विधायक श्री सुधीर सिंगल जी रहे। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम दशहरा ग्राउंड में आयोजित किए गए, जिसमें- मार्च पास्ट, डम्बल, बैंड और अनेक सांस्कृतिक प्रोग्राम थे।

मार्च पास्ट में बल्लभगढ़ की पुलिस अधिकारी,महाविद्यालय और विद्यालय की एनसीसी व एनएसएस की अनेक टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें अग्रवाल कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने मार्च पास में अच्छा प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय से एनसीसी की एक प्लाटून जिसमें 21 कैडेट रहें। टीम का नेतृत्व कैडेट कैप्टन श्रेयित सोम ने किया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता ने, प्राचार्य डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता ने सभी एनसीसी कैडेट और एएनओ को बधाई दी।